# टेक्सटाइल सेक्टर में दुनिया को है भारत का इंतजार : योगी

जासं, नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और तकनीक का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है। भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट निर्यात होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट यूपी के भदोही, मिरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है।

योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रगति मैदान में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। टेक्सटाइल के क्षेत्र में रोजगार की अनंत संभावनाएं हैं।

**उत्तर प्रदेश के उत्पादों की सराहना:** सीएम ने बताया 'भारत टेक्स 2024' में उत्तर प्रदेश के 20 एग्जिबिटर्स यशोभूमि में व 46 एग्जिबिटर्स भारत मंडपम में अपने हुनर की प्रदर्शनी के साथ शामिल हुए हैं। सभी ने उत्तर प्रदेश के उत्पादों की विशेष सराहना की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा पीएम मोदी द्वारा देश में सात स्थानों पर पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की गई है, यूपी के लखनऊ-हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित होने जा रहा है।



भारत मंडपम में मीडिया को संबोधित करते उप्र के सीएम योगी • सौ.: उप्र सरकार

- प्रगति मैदान में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' में शामिल हुए योगी
- जय श्रीराम के जयघोष से हुआ योगी आदित्यनाथ का स्वागत

## रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण माध्यम है शिल्प

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है। ये सभी शिल्प रोजगार सृजन के बहुत महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सीएम ने कहा कि वैश्विक टेक्सटाइल इंडस्ट्री आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है।